# बृजमोहन अग्रवाल
संसद सदस्य (लोक सभा)
रायपुर (छत्तीसगढ़)
पूर्व केबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

सत्यमेव जयते

# BRIJMOHAN AGRAWAL
Member of Parliament (Lok Sabha)
Raipur (Chhattisgarh)
Ex Cabinet Minister, Govt. of Chhattisgarh

No.149/HI/MP/Raipur/LokSabha/NewDel
dt. 24/07/2025

सेवा में,

**श्री प्रल्हाद जोशी जी**
माननीय केंद्रीय मंत्री
उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
भारत सरकार
कृषि भवन, नई दिल्ली - 110001

**विषय : छत्तीसगढ़ प्रदेश के वित्तीय वर्ष 2023-2024 एवं 2024-2025 के 200 राईस मिलर्स का चावल जमा करने की अनुमति के सन्दर्भ में।**

महोदय,

छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग **200 राईस मिलर्स** वित्तीय वर्ष 2023-2024 एवं 2024-2025 में देरी होने के कारण उनका चावल **सम्बंधित एजेंसियो द्वारा जमा** नहीं किया गया एवं उन्हें **प्रतिबंधित** भी कर दिया गया। आपके संज्ञान में लाना चाहूंगा कि ये सब मिलर्स चावल जमा करने की लिए तैयार हैं। **एक महीने का समय देकर** सभी राइस मिलों को चावल **जमा करने की अनुमति देकर** पुनः चावल की मिलिंग करने की अनुमति प्रदान करें।

छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है, अन्य राज्यों की तुलना में छत्तीसगढ़ राज्य में सभी व्यापारियों से चावल मिलिंग हेतु बैंक गारंटी भी ली जाती है। जिसके कारण सरकार को आर्थिक नुकसान की संभावना नहीं हैं। इन **राइस मिलर्स को लगभग 100 करोड़ रूपए** का चावल जमा करना है, अगर इन्हें अनुमति नहीं दी गयी तो सरकार एवं मिलर्स - दोनों पक्षों को **न्यायिक प्रक्रिया** में उतरना होगा जिसकी वजह से दोनों को **आर्थिक हानि** होगी।

छत्तीसगढ़ में **बैंक गारंटी के नियम** की वजह से सम्बंधित एजेंसियो को **फिजिकल वेरिफिकेशन** करने की भी आवश्यकता नहीं है। **माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय** द्वारा राईस मिलर्स को चावल जमा करने हेतु राज्य सरकार एवं भारतीय खाद्य निगम को **निर्देश** भी दिए गए हैं।

**WPC No. 2373 of 2025**

*"यह निर्देश दिया जाता है कि याचिकाकर्ता को शेष कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) 10.05.2025 को जमा करने की अनुमति दी जाए, क्योंकि याचिकाकर्ता ने यह याचिका 02.05.2025 को दायर की है, बशर्ते कि उपर्युक्त पत्राचार और चावल की मात्रा एवं गुणवत्ता का सत्यापन हो। यदि ऑनलाइन पोर्टल नहीं खुला है, तो उसे खोला जाए ताकि याचिकाकर्ता चावल जमा कर सके।"*

सदस्य – प्राक्कलन समिति, रसायन और उर्वरक संबंधी स्थायी समिति, शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल संबंधी समिति,
परामर्शदात्री समिति, कोयला एवं खनन मंत्रालय
Member - Estimates Committee, Chemicals & Fertilizers Committee, Education, Women Children, Youth and Sport Committee,
Consultative Committee, Ministry of Coal & Mines

रायपुर निवास – रामजी वाटिका, मौलश्री विहार, राम मन्दिर के पास, VIP रोड, रायपुर छत्तीसगढ़ – 492001 मो.: +91-94252 02700
दिल्ली निवास – 21, बलवन्त राय महेता लेन, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली – 110001

Ph.: +91-771-2331070 (O), 0771-3588801 (R), 0771-4049410 (F) E-mail : bm.raipurmp@sansad.nic.in ; bm.raipur@gmail.com
Raipur Residence - Ramji Vatika, Moulshree Vihar, Near by Ram Mandir, VIP Road, Raipur, Chhattisgarh - 492001
Delhi Residence - 21, Balwant Rai Mehta Lane, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi - 110001
facebook.com/brijmohan.ag instagram.com/brijmohan.ag twitter.com/brijmohan_ag
youtube.com/@BrijmohanAgrawalOfficial brimohanagrawal.in

# बृजमोहन अग्रवाल

संसद सदस्य (लोक सभा)
रायपुर (छत्तीसगढ़)
पूर्व केबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

सत्यमेव जयते

# BRIJMOHAN AGRAWAL

Member of Parliament (Lok Sabha)
Raipur (Chhattisgarh)
Ex Cabinet Minister, Govt. of Chhattisgarh


छत्तीसगढ़ राज्य का **सबसे बड़ा व्यवसाय राइस मिल** का व्यवसाय है जिसमें लगभग **5 लाख नागरिकों को रोज़गार** मिलता है। अगर ये **200 राइस मिलर्स के प्रकरण का निराकरण** नहीं हुआ तो करीब **20000 नागरिक बेरोज़गारी में धकेले जाएंगे** तथा भविष्य में चावल की मिलिंग के प्रति भी उपेक्षित भाव उत्पन्न होगा।

**ओडिशा सरकार को केंद्र द्वारा दी गयी अनुमति** की तर्ज पर, उसी प्रकार से केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ राज्य की सरकार को अनुमति देने का निर्देश प्रदान करें। **[सन्दर्भ - No. 3(20)/2024-Py.I (388218)]**

अतः मेरा आपसे आग्रह है कि इस प्रकरण को सुलझाने हेतु **आप व्यक्तिगत दखल देकर** वित्तीय वर्ष 2023-2024 एवं 2024 -2025 का चावल जमा करने हेतु निर्देश देने का कष्ट करें जिससे की वित्तीय वर्ष 2023-2024 एवं 2024 -2025 के **धान का निराकरण** हो सके।

- 200 से अधिक राइस मिल पुनः प्रारम्भ हो सके
- 20000 से ज़्यादा नागरिकों का रोज़गार सुरक्षित हो सके
- सरकार एवं मिलर्स को होने वाली आर्थिक हानि से भी बचा जा सके।

महोदय, आप राज्य सरकार एवं FCI (भारतीय खाद्य निगम) को निर्देश देने का कष्ट करें कि **1 माह का समय देकर** वर्ष 2023-2024 एवं 2024-2025 का राइस मिलर्स का **चावल जमा करवाने की प्रक्रिया चालु** करेंगे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए, आपके द्वारा की गयी कार्यवाही से मुझे अवगत करने का कष्ट करेंगे।

**सादर**

**(बृजमोहन अग्रवाल)**


सदस्य – प्राक्कलन समिति, रसायन और उर्वरक संबंधी स्थायी समिति, शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल संबंधी समिति, परामर्शदात्री समिति, कोयला एवं खनन मंत्रालय

Member - Estimates Committee, Chemicals & Fertilizers Committee, Education, Women Children, Youth and Sport Committee, Consultative Committee, Ministry of Coal & Mines

रायपुर निवास – रामजी वाटिका, मौलश्री विहार, राम मन्दिर के पास, VIP रोड, रायपुर छत्तीसगढ़ – 492001 मो.: +91-94252 02700
दिल्ली निवास – 21, बलवन्त राय महेता लेन, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली – 110001





Ph.: +91-771-2331070 (O), 0771-3588801 (R), 0771-4049410 (F) E-mail : bm.raipurmp@sansad.nic.in ; bm.raipur@gmail.com
Raipur Residence - Ramji Vatika, Moulshree Vihar, Near by Ram Mandir, VIP Road, Raipur, Chhattisgarh - 492001
Delhi Residence - 21, Balwant Rai Mehta Lane, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi - 110001

facebook.com/brijmohan.ag instagram.com/brijmohan.ag twitter.com/brijmohan_ag
youtube.com/@BrijmohanAgrawalOfficial brimohanagrawal.in